**राजेश कुमार, भा०प्र०से०, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल की अध्यक्षता में दिनांक-22.10.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में VC के माध्यम से सम्पन्न कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावली की तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-**

---

बैठक में उपस्थित कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। बैठक में जिला-वार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी। उक्त समीक्षा में पाया गया कि एक भी आवेदन अबतक निर्णित नहीं हुआ है जो उचित नहीं है।

**आज की बैठक की समीक्षा में जिलावार AERO एवं Designated Officer के स्तर से प्राप्त आवेदन पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिया जाता है:-**

1. आज की बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, मुंगेर, बाँका एवं जमुई अनुपस्थित थे, उनके बदले जिले के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त नोडल पदाधिकारियों को इस कार्य से संबंधित कोई विशेष जानकारी नहीं थी। आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरांत **AERO एवं Designated Officer** के स्तर से की जाने वाली अनुवर्ती कार्रवाई की **Step-wise** जानकारी उनके द्वारा नहीं बताया जा सका जो खेदजनक है।

   जिला पदाधिकारी, मुंगेर, बाँका एवं जमुई को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त नोडल पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करेंगे तथा उनके स्थान पर किसी अन्य पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित करेंगे।

2. बाँका, जमुई एवं मुंगेर के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके यहाँ **Online** माध्यम से प्राप्त आवेदन **Download** नहीं हो पा रहा है। जबकि अन्य जिलों में ऐसी समस्या नहीं है। इससे यह दृष्टिगत होता है कि संबंधित **AERO, Nodal Officer एवं Designated Officer** के स्तर से गंभीरतापूर्वक कार्य नहीं किया जा रहा है।

   इस संबंध में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी स्थिति स्पष्ट करेंगे।

3. **AERO/Designated Officer** से फार्म-18 से संबंधित आवेदन प्राप्ति रजिस्टर की छायाप्रति की माँग की गयी थी। अररिया जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों से छायाप्रति प्राप्त है। किन्तु अधिकांश जिलों से उपलब्ध कराये गये रजिस्टर की छायाप्रति पदाभिहित पदाधिकारी की संख्या के अनुरूप नहीं पाया गया तथा **AERO** स्तर से संधारित पंजी किसी भी जिले से नहीं प्राप्त है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि आज संध्या 5 बजे तक उक्त रजिस्टर छायाप्रति ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करावें। रजिस्टर की छायाप्रति अप्राप्त जिले के **Nodal Officer/Designated Officer** कल दिनांक-23.10.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में समीक्षा बैठक में आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया में संबंधित आवेदन प्राप्ति पंजी एवं इस कार्यालय के पत्रांक 6216 दिनांक 21.10.2025 में अंकित आशय का प्रमाण-पत्र के साथ ससमय उपस्थित रहेंगे।

4. यह विदित हुआ है कि कतिपय जिलों में **Designated Officer** को विधान सभा के निर्वाचन कार्यों में संलग्न किया गया है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 3558 दिनांक 15.09.2025 से भारत निर्वाचन आयोग का दिशा-निर्देश प्राप्त है। विस्तृत दिशा-निर्देश 2.2.9 से 2.2.19 तथा 3.1 से 3.2 में अंकित है। उक्त दिशा-निर्देश के आलोक में

AERO/Designated Officer के स्तर से त्वरित गति से अनुवर्त्ती कार्रवाई की जानी है। यदि आवेदक का आवेदन व्यक्तिगत तौर से प्राप्त होने की स्थिति में उक्त दिशा-निर्देश की कंडिका 2.2.14 में प्रावधान अंकित है कि ''अधिकारी आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र/मार्कसीट या अपेक्षित दस्तावेज की जाँच करेगा और स्वयं संतुष्ट होने के पश्चात **''मूल से सत्यापित किया और सही पाया गया'' या ''मूल से सत्यापित किया गया और सही नहीं पाया गया-निरस्त किया गया'' लिखेगा''**। इसलिये Designated Officers को पूर्णकालिक रूप से बिहार विधान सभा चुनाव से संबंधित निर्वाचन कोषांग में संबद्ध किये जाने से कोशी स्नातक निर्वाचक नामावली की तैयारी से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है। अतः Designated Officers को बिहार विधान सभा चुनाव से संबंधित निर्वाचन कार्य से मुक्त करते हुए सभी Designated Officers को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कोशी स्नातक निर्वाचक नामावली की तैयारी हेतु निदेशित किया जाय।

5. कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सभी AERO तथा Designated Officers अपने कार्यालय से संबंधित आगत शाखा से यह प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेंगे कि ''कोई भी फॉर्म-18 आवेदन पत्र आगत शाखा में प्राप्त नहीं हुआ है। यदि प्राप्त हुआ है तो उसे पंजी में विधिवत् रूप से संधारित कर लिया गया है तथा संबंधित पदाधिकारी को हस्तगत करा दिया गया है।''

6. इससे संबंधित अगली बैठक कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सभी जिले के नोडल पदाधिकारियों के साथ दिनांक 30.10.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया में होगी। उक्त बैठक में सभी नोडल पदाधिकारी अपने जिले के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो अभिलेख के साथ भाग लेंगे।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/-
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र
-सह-आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 6229 दिनांक 22/10/2025

प्रतिलिपिः- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज/मधेपुरा/सहरसा/सुपौल/भागलपुर/ बाँका/मुंगेर/लखीसराय/शेखपुरा/जमुई/खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- सभी नोडल पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज/मधेपुरा/सहरसा/सुपौल /भागलपुर/बाँका/मुंगेर/लखीसराय/शेखपुरा/जमुई/खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/-
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र
-सह-आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।